तेरे तो नैन कजरारे बावला हमको कर डाला | by Bawla Mann

तेरे तो नैन कजरारे बावला हमको कर डाला
मोर का पंख माथे पर गजब तूने और कर डाला
तेरे तो नैन कजरारे.....

मुस्कान प्यारी सी जो देखी, देखती रह गई
अधर पे मुरली की वो तान छेड़ कर जादू कर डाला
तेरे तो नैन कजरारे.....

तू छलता तिरछी चितवन से ये चितवन दिल में समाई है
ओ दिल भी क्या कहे प्यारे सांवले रुप का मारा
तेरे तो नैन कजरारे.....

बांकी अदा प्यारी बांकी चाल मतवारी
खड़े बांके मेरे बांके बिहारी गले में बांकी ही माला
तेरे तो नैन कजरारे.....

श्री हरीदास के स्वामी बावला छोड़ सब आया
कृपा करो मो को अपनाओ सुनलो नन्द के लाला
तेरे तो नैन कजरारे.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a5%88%e0%a4%a8-%e0%a4%95%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b9/